कैट 2025 का विज्ञापन देश भर के कई भाषाओं के समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया है, हालाँकि कैट वेबसाइट में दी गई जानकारी को अंतिम माना जाएगा।

# भारतीय प्रबंध संस्थान (आई.आई.एम.)

**अहमदाबाद, अमृतसर, बेंगलुरू, बोधगया, कलकत्ता, इंदौर, जम्मू, काशीपुर, कोषिक्कोड, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, रायपुर, रांची, रोहतक, सम्बलपुर, शिलांग, सिरमौर, तिरूचिरापल्ली, उदयपुर, विशाखापट्टनम**

# सामान्य प्रवेश परीक्षा
# कैट 2025

सभी भारतीय प्रबंध संस्थान दिनांक **30 नवंबर 2025** को **तीन** सत्रों में कम्प्यूटर आधारित सामान्य प्रवेश परीक्षा 2025 (कैट 2025) का आयोजन करेंगे। कैट 2025 की विस्तृत जानकारी कैट की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

### कैट वेबसाइट: https://iimcat.ac.in

भारतीय प्रबंध संस्थानों के विभिन्न स्नातकोत्तर और फ़ेलो/वाचस्पति कार्यक्रमों में प्रवेश पाने के लिए कैट 2025 अर्हता है। सूचीबद्ध गैर–आई.आई.एम. सदस्य संस्थानों को कैट 2025 के स्कोर का उपयोग करने की अनुमति होगी। ऐसे संस्थानों की सूची कैट वेबसाइट पर उपलब्ध है। गैर–आई.आई.एम. संस्थानों की चयन प्रक्रिया में आई.आई.एम. की कोई भूमिका नहीं है।

## कैट 2025 पात्रता

कृपया कैट की वेबसाइट पर विस्तृत अधिसूचना देखें। **आवेदक ध्यान दें कि केवल न्यूनतम पात्रता मानदंड प्राप्त कर लेने से ही आई.आई.एम. द्वारा पात्रता सूची के लिए अभ्यार्थी के आवेदन पर विचार सुनिश्चित नहीं होगा।**

## आरक्षण

विभिन्न वर्गों के आवेदक सीटों के आरक्षण के संबंध में जानकारी के लिए कैट वेबसाइट देखें। **कैट पंजीकरण के बाद श्रेणी परिवर्तन पर विचार नहीं किया जाएगा।**

## पंजीकरण शुल्क

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, एवं दिव्यांग श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए पंजीकरण शुल्क ₹1300 है।

अन्य सभी श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए शुल्क ₹2600 है।

कृपया ध्यान दें कि उम्मीदवार चाहे कितने भी आई.आई.एम. के लिए आवेदन करें लेकिन उन्हें पंजीकरण शुल्क का भुगतान केवल एक ही बार करना है। एक बार भुगतान किया गया शुल्क किसी भी स्थिति में वापस नहीं किया जाएगा।

## महत्वपूर्ण तिथियाँ

| | |
|---|---|
| पंजीकरण प्रारंभ | : **दिनांक 01 अगस्त 2025 (पूर्वाह्न 10:00 बजे)** |
| पंजीकरण समापन | : **दिनांक 13 सितंबर 2025 (अपराह्न 5:00 बजे)** |
| प्रवेश पत्र डाउनलोड करें | : **दिनांक 05 नवंबर 2025 से दिनांक 30 नवंबर 2025 तक** |
| परीक्षा तिथि | : **दिनांक 30 नवंबर 2025** |
| परिणाम की घोषणा | : **जनवरी 2026 का पहला सप्ताह (अनंतिम)** |

## परीक्षा केंद्र

कैट का आयोजन लगभग 170 शहरों में स्थित परीक्षा केंद्रों में किया जाएगा। उम्मीदवारों को उनकी प्राथमिकता के क्रम में किन्हीं पाँच परीक्षा केंद्रों का चयन करने का विकल्प दिया जाएगा। शहरों की सूची कैट अधिकारियों के विवेक के आधार पर परिवर्तनीय है।

## अस्वीकरण (डिसक्लेमर)

यह विज्ञापन केवल कैट 2025 की घोषणा मात्र है। कैट और विभिन्न भारतीय प्रबंध संस्थानो में प्रवेश प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी और नियमों के लिए कैट वेबसाइट देखें।

कैट 2025 से संबन्धित कोई भी विवाद केवल कोषिक्कोड शहर के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत सक्षम न्यायालयों के अधीन होगा।

## महत्वपूर्ण

**उम्मीदवारों को पूरी चयन प्रक्रिया के दौरान एक वैध और विशिष्ट ईमेल खाता और एक मोबाईल फोन नंबर घोषित करना होगा और उसे बनाए रखना होगा।**